बहना अब तो भजूँगी हरि नाम

री बहना अब तो भजूँगी हरि नाम,
उमरिया सारी ढल गई रे,
उमरिया सारी ढल गई रे, उमरिया सारी ढल गई रे,
री बहना अब तो भजूँगी हरि नाम.....

बालापन हंसी खेल गवाया,
अरी बहना तरुणाई भई बेकाम,
उमरिया सारी ढल गई रे,
री बहना अब तो भजूँगी हरि नाम.....

झूठ कपट में ऐसी फस गई,
अरी बहना लिया ना हरि का नाम,
उमरिया सारी ढल गई रे,
री बहना अब तो भजूँगी हरि नाम.....

मानव तन पाया बड़े भाग से,
अरी बहना भक्ति करूंगी निष्काम,
उमरिया सारी ढल गई रे,
री बहना अब तो भजूँगी हरि नाम.....

दौलत यही पर रह जाएगी,
री बहना संग ना जाए कौड़ी दाम,
उमरिया सारी ढल गई रे,
री बहना अब तो भजूँगी हरि नाम.....

महल दुमहला यहीं रह जाएंगे,
अरी बहना संग जावे हरि नाम,
उमरिया सारी ढल गई रे,
री बहना अब तो भजूँगी हरि नाम.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25344/title/behna-ab-to-bhjugi-hari-naam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |